कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 07.08.2025

/प्रेस विज्ञप्ति/

## कन्या महाविद्यालय में
## 'महिला सशक्तिकरण में वित्तीय साक्षरता के महत्व पर प्रशिक्षण कार्यक्रम'

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में एक्सलेन्स ग्लोबल स्किल ट्रेनिंग एण्ड डेल्पमेन्ट आर्गनाइजेशन, नई दिल्ली एवं कौशल विकास सेल के तत्वाधान में एक दिवसीय वेबीनार का आयोजित किया गया। वूमेन एम्पावरमेन्ट ऑन फाइनेंशियल लिट्रेसी- एजुकेशनल मोटिवेशनल ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता श्री प्रदीप पाण्डे, सेबी, स्मार्ट ट्रेनर ने आर्थिक प्रबंधन के लक्ष्य निर्धारण के रणनीतियों से अवगत कराये। उन्होंने कहा कि छात्राओं के लिए आर्थिक लक्ष्य निर्धारित करना, उनके वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने और आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि छात्राओं के विभिन्न लक्ष्य निर्धारण केवल एक उपयोगी शैक्षणिक उपकरण नहीं है अपितु यह एक महत्वपूर्ण जीवन कौशल है, जो व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देते हैं। प्रभावी तकनीकों को लागू करके जैसे स्मार्ट लक्ष्य निर्धारण और सहायक वातावरण छात्राओं को आवश्यक कौशल विकसित करने में सहायता प्रदान करता है, जिसके महाविद्यालय समय-समय पर इस प्रकार के आयोजन करता रहता है।

कार्यक्रम प्रभारी डॉ0 रेशमा लाकेश ने कॅरियर में विभिन्न कौशलों के समावेश एवं प्रशिक्षण के तहत् इस आयोजन की महत्ता का वर्णन किया। उन्होनें कहा कि छात्राओं को अपने वर्तमान वित्तीय स्थिति को समझना, विशिष्ट, मापने योग्य, प्राप्य, प्रासंगिक और समयबद्ध लक्ष्य निर्धारण करना और फिर उन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक योजना बनानी चाहिए। श्री जागृत ठाकुर ने इस अत्यंत उपयोगी वेबीनार का संचालन किया।

*टीप – छात्रहित में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

**(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)**
**प्राचार्य**
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

‘महिला सशक्तिकरण में वित्तीय साक्षरता के महत्व पर प्रशिक्षण कार्यक्रम’




